# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 10.08.2025 समय : 0705

**<><><><><><><>**

- चुनाव आयोग ने कहा – देश भर के तीन सौ चौंतीस पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटाया गया।
- अंडमान निकोबार प्रशासन के आधिकारिक डोमेन को अब बदलकर andamannicobar.gov.in किया जाएगा।
- सांसद बिष्णु पद रे ने पानीघाट जेट्टी के पुनर्निर्माण, स्लिपवे के विस्तार तथा ड्रेजिंग के मुद्दों को केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री के समक्ष उठाया।
- पर्यटन विभाग की ओर से विरासत पर्यटन पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

**<><><><><><><>**

चुनाव आयोग ने कहा कि उसने देश भर के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के तीन सौ चौंतीस पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया है। ये दल दो हजार उन्नीस से छह वर्षों तक एक भी चुनाव लड़ने की अनिवार्य शर्त पूरी करने में विफल रहे हैं। इन दलों के कार्यालयों का भी कहीं पता नहीं लगाया जा सका है। देश के राष्ट्रीय राजनीतिक दल, राज्य राजनीतिक दल और पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत चुनाव आयोग में पंजीकृत हैं।

**<><><><><><><>**

करीब पांच महीने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन– आई एस एस पर बिताने के बाद चार अंतरिक्ष यात्री आज धरती पर सुरक्षित लौट आए। स्पेस एक्स का ड्रैगन अंतरिक्ष यान अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर कैलिफोर्निया के सैन डिएगो तट पर उतरा। नासा की ऐनी मैकक्लेन और निकोल एयर्स, जापान के टाकुया ओनिशी तथा रूस के किरिल पेस्कोव को लेकर अंतरिक्ष यान शुक्रवार को अंतरिक्ष स्टेशन से धरती के लिए रवाना हुआ था। अंतरिक्ष में अपने प्रवास के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों ने अंतरिक्ष के कारण होने वाले मानसिक और शारीरिक परिवर्तनों, मस्तिष्क से हृदय तक रक्त प्रवाह, भविष्य की चंद्र नेविगेशन तकनीकों और अन्य विषयों का अध्ययन किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन का आधिकारिक डोमेन andaman.gov.in को अब बदलकर andamannicobar.gov.in किया जाएगा। इसके अनुसार सभी संबंधित विभागों के आवेदन अब नए डोमेन में उपलब्ध होंगे।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष दो हजार पच्चीस के सिलसिले में सहकारिता विभाग ने मत्स्य पालन विभाग के सहयोग से "अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में मत्स्य पालन सहकारी समितियों के पुनरोद्धार" विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। मरीन हिल स्थित मत्स्य पालन प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रबंध समिति के सदस्यों और विभिन्न मत्स्य पालन सहकारी समितियों के सदस्यों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मत्स्य पालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. के. गोपाल, सहकारी समिति के सहायक रजिस्ट्रार बशीर अहमद और विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। संयुक्त निदेशक ने अपने संबोधन में निष्क्रिय मत्स्य सहकारी समितियों को फिर से सक्रिय करने के महत्व पर बल देते हुए इस क्षेत्र को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि–सह–योजना के तहत उपलब्ध अवसरों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत द्वीपसमूह के लिए छब्बीस प्राथमिक मत्स्य सहकारी समितियों के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मध्योत्तर अंडमान जिला मत्स्य संघ से एक क्लस्टर–आधारित व्यवसाय संगठन नियुक्त किया गया है। सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने मत्स्य क्षेत्र की क्षमता, मत्स्य सहकारी समितियों के महत्व, सहकारिता मंत्रालय की विभिन्न पहलों और बहुउद्देशीय मत्स्य सहकारी समितियों की अवधारणा के बारे में जानकारी दी। बैठक में समितियों के सतत संचालन को सुनिश्चित करने के लिए समय पर चुनाव और नियमित ऑडिट कराने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने पानीघाट जेट्टी के पुनर्निर्माण और पानीघाट में स्लिपवे के विस्तार तथा ड्रेजिंग के मुद्दों को केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री के समक्ष उठाया है। अपने पत्र में उन्होंने कहा कि इसके कारण होप टाउन के निवासियों और मछुआरा समुदाय को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सांसद ने पानीघाट जेट्टी के पुनर्निर्माण के लिए आवश्यक तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है। श्री बिष्णु पद रे ने मछुआरा समुदाय की आजीविका को ध्यान में रखते हुए, साल भर

पहुँच सुनिश्चित करने के लिए स्लिपवे का विस्तार करने या क्षेत्र की ड्रेजिंग करके तत्काल तकनीकी सर्वेक्षण और उपयुक्त उपाय करने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

ज़िम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्‌देश्य से पर्यटन विभाग ने कल आपदा प्रबंधन निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में विरासत पर्यटन पर एक व्याख्यान का आयोजन किया। इस सत्र में इतिहासकार और लेखिका डॉ. रशीदा इकबाल ने "अतीत की गूँज, औपनिवेशिक पदचिन्हः सेल्यूलर जेल और स्वतंत्रता संग्राम – एक जीवंत स्मृति" पर प्रस्तुति दी। विरासत पर्यटन पर अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए डॉ. इकबाल ने कहा कि द्वीपों का इतिहास न केवल आकर्षक है, बल्कि अत्यंत मार्मिक भी है। यह हमें भारत की स्वतंत्रता के लिए किए गए बलिदानों की याद दिलाता है। इन दूर–दराज के द्वीपों में, अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों ने सेल्यूलर जेल में अत्याधिक कष्ट सहे। टूर और ट्रैवल ऑपरेटरों और टूरिस्ट गाइडों सहित पर्यटन हितधारकों के साथ बातचीत करते हुए, डॉ. इकबाल ने उन्हें पर्यटकों से बातचीत करते समय अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे के मिनी स्टेडियम में कल एसी कप सीज़न–3 फुटबॉल टूर्नामेंट का पहला रात्रि मैच खेला गया। इस अवसर पर इलेवन ब्रदर्स और यूनि–ट्रेड के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें इलेवन ब्रदर्स ने यूनि–ट्रेड को दो–शून्य से पराजित किया।

<><><><><><><>